परियोजना यमुना एक्सप्रेसवे पर 1000 एकड़ में बन रही उत्तर भारत की सबसे बड़ी इंटरनेशनल फिल्म सिटी

# फिल्म सिटी का निर्माण अगले माह से होगा शुरु

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ/नोएडा। यमुना एक्सप्रेसवे पर इंटरनेशनल फिल्म सिटी का निर्माण इस माह के अंत तक या फिर अगले माह से शुरू हो सकता है। निर्माण कार्य के लिए बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने पूरी तैयारी कर ली है। जिस भूमि पर निर्माण होना है उसका जियो-टेक्निकल सर्वे लगभग पूरा हो चुका है और कंपनी आने वाले दो-तीन दिनों में अपना बिल्डिंग प्लान दाखिल कर देगी।

जमीन समतल करने का काम जारी है और सड़क निर्माण सहित अन्य विकास कार्य भी तेजी से हो रहे हैं। साफ-सफाई का काम लगभग पूरा हो चुका है। सभी अनुमति मिलते ही निर्माण कार्य का शुभारंभ हो जाएगा। बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी के जीएम राजीव अरोड़ा के अनुसार, जैसे ही बिल्डिंग प्लान को मंजूरी मिलती है, निर्माण कार्य औपचारिक रूप से शुरू कर दिया जाएगा। पहले चरण (फेज-1) में



## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे शिलान्यास

फिल्म सिटी का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में 1,000 एकड़ में इंटरनेशनल फिल्म सिटी स्थापित की जा रही है, जिसका उद्देश्य राज्य को फिल्म निर्माण, मीडिया, मनोरंजन और पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाना है।

## निर्माण कार्य के लिए कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने की तैयारी

कंपनी 13 से 14 अत्याधुनिक फिल्म साउंड स्टूडियो और लगभग तीन लाख वर्ग मीटर में फिल्म इंस्टीट्यूट स्थापित करेगी। पूरी परियोजना का निर्माण तीन चरणों में आठ वर्षों के भीतर किया जाएगा। फिल्म सिटी परियोजना को यमुना एक्सप्रेसवे पर स्थित सेक्टर-21 में विकसित किया जा रहा है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 एकड़ है। परियोजना के पहले चरण (फेज-1) में 230 एकड़ भूमि पर काम शुरू किया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत 1510 करोड़ है। भविष्य में शेष 770 एकड़ भूमि पर फेज-2 और फेज-3 के अंतर्गत विस्तार किया जाएगा।